विभागीय आदेश ज्ञापांक– 1640 दिनांक – 02.03.2026 द्वारा **National Mineral Exploration Trust (NMET)** से स्वीकृत परियोजनाओ के लिए सामग्रियो के क्रय हेतु गठित समिति की दिनांक 27.04.2026 को समपन्न बैठक की कार्यवाहीः–

---

दिनांक 27.04.2026 को विभागीय आदेश ज्ञापांक 1640 दिनांक 02.03.2026 से गठित समिति द्वारा National Mineral Exploration Trust (NMET) से प्रोजेक्ट 1 एंव प्रोजेक्ट 2 के अंदर स्वीकृत 25 (5 + 20) Handheld GPS Device क्रय करने हेतु बैठक की गई, जो निम्नवत् हैं।

1. जेम पोर्टल से उक्त सामाग्री के क्रय करने हेतु विभागीय कार्यालय आदेश 1637 दिनांक 02.03.2026 द्वारा आई0टी0 मैनेजर, खान एवं भूतत्व विभाग को निदेशित किया गया था
2. विभागीय कार्यालय आदेश ज्ञापांक 2302 दिनांक 02.024.2026 द्वारा श्री सुनील चौधरी, संयुक्त सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग को जेम पोर्टल से सामाग्री क्रय करने हेतु Buyer Consignee नामित किया गया था। किन्तु तकनिकी समस्या के कारण उक्त आदेश को संशोधित करते हुए पुनः विभागीय आदेश ज्ञापांक 2493 दिनांक – 13.04.2026 द्वारा श्री एश्वर्य कश्यप, विशेष कार्य पदाधिकारी को Buyer Consignee नामित किया गया।
3. जेम पोर्टल पर नामित Buyer Consignee के निबंधन हेतु प्रयास करने के बाद भी निबंधन नही होने के उपरांत वित्त विभाग एवं जेम पोर्टल के दिल्ली शाखा से सम्पर्क करने के बाद विभागीय आई0टी0 मैनेजर के द्वारा दिनांक 21.04.2026 को पीत पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया की श्री एश्वर्य कश्यप, विशेष कार्य पदाधिकारी, का जेम पोर्टल पर Buyer Consignee के रूप में निबंधन के क्रम में आधार प्रमाणीकरण बार–बार असफल हो रहा है, जिसके कारण Buyer Consignee के रूप में इनका निबंधन नही हो पा रहा है। विदित हो की जेम पोर्टल पर सामाग्री का क्रय Buyer Consignee के द्वारा ही किया जाता है। उक्त के संबंध में वित्त विभाग के प्रतिनिधि से वार्त्ता करने पर बताया गया कि उक्त समस्या आधार प्रमाणीकरण से संबंधित है एवं इसका निकारण का कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में इस समस्या का सामाधान वित्त विभाग द्वारा कर दिया गया है।

4. Buyer Consignee द्वारा लॉगिन करने पर पाया गया की जेम पोर्टल पर केवल एक कम्पनी Garmin का ही Handheld GPS Device उपलब्ध है। जिस कारण उक्त Device को Direct Purchase (L1) के माध्यम से क्रय नही किया जा सकता है। जेम पोर्टल से

क्रय हेतु दुसरा विकल्प के रूप में Tender के माध्यम से Handheld GPS Device क्रय किया जा सकता है। गठित क्रय समिति द्वारा सर्वसम्मति से Handheld GPS Device का क्रय निविदा के माध्यम से Gem Portal पर किये जाने का निर्णय लिया गया।

27/04/2026
श्री अवनीन्द्र कुमार लाल
आई0टी0 प्रबंधक

27.04.26
श्री मणिकान्त शर्मा
प्रशाखा पदाधिकारी

27.4.2026
श्री लाल बिहारी प्रसाद
खनिज विकास पदाधिकारी (मु०)

27/04/2026
श्री राजेश कुमार कुशवाहा
सहायक निदेशक (मु०)

28/04/2026
श्री सनोज कुमार
आंतरिक वित्तीय
सलाहकार

27/4/26
श्री सुनील चौधरी,
संयुक्त सचिव

ज्ञापांकः– 2818 एम०/, पटना, दिनांक– 28/04/26

प्रतिलिपिः– 1. Buyer Consignee श्री एश्वर्य कश्यप, विशेष कार्य पदाधिकारी, खान एवं भूतत्व विभाग, पटना Gem Portal पर निविदा प्रकाशित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

2. आई०टी० प्रबंधक, Buyer Consignee समन्वय स्थापित कर टेंडर प्रकाशन में तकनीकी सहयोग प्रदान करेंगे।

27/4/26
संयुक्त सचिव
खान एवं भूतत्व विभाग,
बिहार, पटना।